Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Singh Shri Prabhunath

>

Title : Need to open a residential school of Railways at Manjhi in Saran District, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार को सारण जिला अन्तर्गत मांझी प्रखंड मुख्यालय बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमा पर खड़ा है। मांझी के बगल में प्रमुख पर्यटक स्थल गौतम स्थान अवस्थित है, जहां हजारों की संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। मांझी बिहार और उत्तर प्रदेश को सड़क, जल एवं रेल मार्गों से जोड़ता है। मांझी में प्रखण्ड मुख्यालय, थाना, हॉस्पीटल आदि सभी सुविधाएं उपलबध हैं। मांझी एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों में हजारों की संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी निवास करते हैं। सारण जिला का मांझी प्रखण्ड मुख्यालय एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, परन्तु बिहार में एक भी रेलवे का विद्यालय नहीं होने की वजह से यहां के रेल कर्मचारियो को मजबूर होकर शिक्षा अध्ययन हेतु अपने बच्चों को दूसरे शहर में भेजना पड़ता है, जिसके कारण अभिभावकों को अनावश्यक बोझ का वहन करना पड़ता है।

ज्ञातव्य हो कि मांझी सरयू नदी के तट पर अवस्थित है। जहां 70-80 एकड़ रेलवे की जमीन खाली पड़ी है। मांझी सरयू नदी पर अवस्थित पुल के पास नदी के तट को प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन है जिसकी अनुमानित लागत 12-15 करोड़ रु. है। मांझी में कृाि विज्ञान केन्द्र खोलने की योजना पूर्व से ही स्वीकृत है।

मांझी में रेलवे का एक आवासीय विद्यालय (देहरादून-मंसूरी के बीच झारीपानी में नार्दन रेलवे का ओक ग्रो आवासीय विद्यालय की तरह) खुल जाए तो इस क्षेत्र के रेलवे कर्मचारियों एवं आम लोगों की बहुत बड़ी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार प्रान्त के मांझी जिला - सारण में रेलवे का एक आवासीय विद्यालय शीघ्र खोला जाए।